SBI
# भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग
कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई
फोन: 022-22820427; फैक्स: 022-22820411; ईमेल: crpd@sbi.co.in

# भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ संवर्ग में अधिकारियों की संविदा/नियमित आधार पर भर्ती

विज्ञापन संख्या: CRPD/ SCO / 2018-19/ 14

## आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 22.01.2019 से 11.02.2019 तक

भारतीय स्टेट बैंक निम्नलिखित विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति के लिए शारीरिक रूप से सक्षम भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट पर दिए गए **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

1. पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन तरीके से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को या उससे पहले जमा करवा दिया गया है.
2. आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को उक्त पद के लिए दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं.
3. अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे अपेक्षित सभी प्रलेख अपलोड करें (संक्षिप्त जीवन वृत्त, आईडी प्रमाण, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि) ऐसा नहीं करने पर उन्हें योग्य अभ्यर्थियों की सूची में शामिल करने/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा.
4. योग्य की सूची बनाना और साक्षात्कार प्रलेखों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगा. साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) अभ्यर्थी द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/प्रलेखों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी अभ्यर्थिता मानी जाएगी.
5. यदि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है (आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि) तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी.
6. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें (इसमें छांट कर बुलाए जाने/योग्य अभ्यर्थियों की सूची शामिल है). आवश्यक होने पर कॉल लेटर/सूचना मात्र ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).
7. सभी संशोधन/शुद्धि पत्र बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किया जाएगा.
8. यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक आते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे अभ्यर्थियों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा.
9. इस कार्यालय को कागजी आवेदन और अन्य प्रलेखों की प्रतियां न भेजें.

### क. नियोजन का स्वरूप /रिक्त पद/ आयु/चयन प्रक्रिया/पदस्थापन का संभावित स्थान का ब्योरा :

| पद | नियोजन का स्वरूप | ग्रेड [तुलनीय ग्रेडमान] | रिक्त-पद$ | | | | | | | | अधिकतम आयु (30.11.2018 को) | चयन प्रक्रिया | पदस्थापन का संभावित स्थान# |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | एलडी | एचआई | वीआई | कुल | | | |
| मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी | संविदात्मक (3 वर्ष@) | मु. महा.प्र.[टीईजीएसएस-I (शीर्षकार्यपालन ग्रेड विशेष वेतनमान-I)] | 01 | -- | -- | -- | -- | -- | -- | 01 | 50 वर्ष | शार्टलिस्टिंग और साक्षात्कार | मुंबई |
| उप महाप्रबंधक (ई एवं टीएं) | नियमित | उप.महा. प्र. [(एसएमजीएस-VI (शीर्ष कार्यपालन ग्रेड वेतनमान-VI)] | 01 | -- | -- | -- | -- | -- | -- | 01 | | | |

@ - बैंक और कर्मचारी, दोनों की मरजी से विस्तारयोग्य

$ - वर्णित रिक्त पदों की संख्या अनंतिम है और बैंक की वास्तविक जरूरत के अनुसार घटाई बढ़ाई जा सकती है.

# - पदस्थापन का स्थान केवल सांकेतिक है. चुने हुए उम्मीदवार को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है.

**संक्षेपाक्षर (श्रेणीवार):** Gen: सामान्य, OBC: अन्य पिछड़ा वर्ग, SC: अनुसूचित जाति, ST: अनुसूचित जनजाति, LD: लोकोमोटिव अशक्तता, HI: श्रवण दोषी, VI: मंद दृष्टि,

### ख. शैक्षणिक योग्यता/अन्य योग्ताओं/अनुभव के संबंध में ब्योरा:

| पद | शैक्षणिक योग्यता (01.01.2019 को) | कार्य अनुभव (01.01.2019 को) | प्रमुख कौशल |
|---|---|---|---|
| मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी | न्यूनतम योग्यताः बी.ई./ बी.टेक./एमसीए (मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से)<br>सीएस/आईटी में एम.एससी./एम.टेक. (मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से) को अतिरिक्त लाभ मिलेगा. | i. आईटी के क्षेत्र, अधिमानतः साफ्टवेयर विकास की पृष्ठभूमि के साथ न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव.<br>ii. उपर्युक्त में से न्यूनतम 10 वर्ष वरिष्ठ कार्यपालक स्तर के पद पर कार्य किया हो, इसमें से न्यूनतम 3 वर्ष का बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र का अनुभव हो.<br>अनुभव न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के बाद का होना चाहिए.<br>(प्रशिक्षण और शिक्षण के अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जायेगा.) | i. बृहत् साफ्टवेयर सॉल्यूशन के विकास के पर्यवेक्षण का व्यावहारिक अनुभव<br>ii. कोर बैंकिंग सॉल्यूशन, डिजिटल बैंकिंग, नेटवर्किंग, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशन, शिक्षा प्रबंधन सॉल्यूशन का एक्सपोजर<br>iii. बैंक की डिजिटल और वित्तीय आस्तियों को प्रभावित करने वाले आईटी के वर्तमान एवं भावी विषयों की अद्यतन जानकारी.<br>iv. *तकनीकी जानकारी:* तकनीकी आर्किटेक्चर कौशल, प्रौद्योगिकी प्रक्रिया कौशन, आईटी में सामर्थ्य और मानवीय क्षमता निर्माण का कौशल<br>v. विभिन्न भूमिकाओं की अनुकूलनीयताः कार्यपालक और तकनीकी, दोनों टीमों के साथ कार्य करने की क्षमता तथा प्रत्येक समूह में अलग अलग भूमिकाएं निभाना |
| उप महाप्रबंधक (ई एवं टीए) | बी.ई./बी.टेक./सीएस/आईटी में स्नातकोत्तर या एमसीए (मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से)<br>अतिरिक्त योग्यता के रूप में एमबीए को वरीयता दी जायेगी. | i. आईटी के क्षेत्र में न्यूनतम 18 वर्षका कुल अनुभव, जिसमें से न्यूनतम 6 वर्ष का वरिष्ठ कार्यपालक स्तर के पद का होना चाहिए.<br>ii. उपर्युक्त न्यूनतम 6 वर्षों के आर्किटेक्चर कार्य में से 3 वर्ष का अनुभव बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र को वरीयता दी जायेगी.<br>iii. उद्यम आर्किटेक्चर में अनुभव को वरीयता प्रदान की जायेगी.<br>अनुभव शैक्षणिक योग्यता के बाद का होना चाहिए.<br>(प्रशिक्षण और शिक्षण के अनुभव को पात्रता के लिए नहीं गिना जायेगा.) | i. एंटरप्राइज आर्किटेक्चर और डिजाइन का गहन ज्ञान, जिसमें आर्किटेक्चर फ्रेमवर्क जैसे टीओजीएफ (टीओजीएएफ प्रमाणन अधिमान्य) शामिल है.<br>ii. एपीआई एसओए, प्रोग्रामिंग भाषा, क्लाउड हास्टिंग प्रक्रियाएं और बिग डेटा प्रौद्योगिकियों जैसी प्रौद्योगिकियों का गहन ज्ञान<br>iii. एजेल/डेवओपी का अनुभव और उभरती प्रौद्योगिकी प्रवृत्तियां<br>iv. परिपक्व अभिशासन प्रक्रियाओं के साथ एंटरप्राइज सॉल्यूशन बनाने का व्यावहारिक अनुभव<br>v. मॉडलिंग साधनों के साथ आर्किटेक्चर की शिल्पकृति बनाने का व्यावहारिक अनुभव.<br>vi. अच्छा संपर्क प्रबंधन और संप्रेषण कौशल<br>vii. अच्छा श्रोता जो संगठन का मार्गदर्शन कर सकता है और रणनीतिक कारोबारी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अनेक स्टेकधारियों को साथ ला सकता है.<br>viii. पेशेवर कार्यपालक का आचरण, अत्यधिक बहुमुखी अंतरर्वैयक्तिक कौशल के साथ निर्णायक<br>ix. ऐसे व्यक्तित्व को लाना जो टकराव को न्यूनतम करे और सकारात्मक चर्चा करे, प्रभावी रूप से मिलकर काम करे तथा भिन्न अभिमतों में शामिल हो. |

### ग. भूमिका, जिम्मेदारियां और प्रमुख कार्यनिष्पादन क्षेत्र:

### अ. मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी:

| | | |
|---|---|---|
| भूमिका | बैंक के लिए प्रौद्योगिकी विजन और आईटी आर्किटेक्चर प्रदान करना, बैंक के लिए दीर्घकालिक आईटी रणनीति तैयार करना और अपनाना, बैंक के लिए प्रमुख आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रबंधकरने में उप प्रबंध निदेशक और सीआईओ की सहायता करना, इसकी भावी तैयारी सुनिश्चित करना, आईटी रूपांतरण परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए नेतृत्व करना और बैंक के शीर्ष प्रबंधन को तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करना. | |
| जिम्मेदारियां | • अनुप्रयोगों, बुनियादी संरचना सहित बैंक के लिए प्रौद्योगिकी विजन, आर्किटेक्चर खाका और नीति संबंधी दस्तावेज तैयार करना<br>• बैंकों को अपनी संभावित जरूरतों को पूरा करने के लिए वर्तमान प्रौद्योगिकी आर्किटेक्चर की समीक्षा, संशोधन और परिष्करण करना तथा बाज़ार में प्रतिस्पर्धी बने रहना<br>• बैंक द्वारा नई प्रौद्योगिकी को अपनाने में नवीनतम, किफायती और कुशल प्रौद्योगिकी को अपनाने में सहायता करना.<br>• कारोबार के उद्देश्य के लिए बैंक में आईटी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना<br>• आईटी सुविधाओं की रणनीतिक आयोजना तैयार करना और कार्यान्वित करना<br>• आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर (हार्डवेयर और साफ्ट्वेयर अनुप्रयोगों) को समसामयिक बनाये रखना और नवीनतम विकल्पों को अपना कर भविष्य के लिए तैयार रहना<br>• न्यूनतम टर्नअराउंड समय के साथ कारोबार के लिए नये साफ्टवेयरअनुप्रयोग बनाना या उपलब्ध में संशोधन करना<br>• बैंक की आईटी/आईएस नीतियों के अनुसार आईटी वातावरण को सुरक्षित रखना<br>• आईटी रुपांतरण परियोजनाओं का नेतृत्व करना<br>• विभिन्न आईटी परियोजनाओं की समय पर सुपुर्दगी के लिए प्रगति का पर्यवेक्षण और निगरानी रखना<br>• ऐसा लचीला आईटी आर्किटेक्चर सृजित करने के लिए विशेष पहल का संचालन करना जो नई योजनाओं और सेवाओं का शीघ्र विपणन करने दे<br>• आंतरिक उपयोगकर्ताओं, ग्राहकों के लिए बैंक के डिजिटल मूल्य प्रस्ताव को बढ़ाना और योजनाओं को शीघ्र शुरू करने, अधिक विशेषताएं, अधिक लचीलापन, आदि सुनिश्चित करना<br>• बैंक के शीर्ष प्रबंधन को गहन तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करना<br>• आईटी संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना<br>• वर्टिकल के भीतर सभी परियोजनाओं के लिए व्यवस्थित परियोजना प्रबंधन पद्धति को अपनाना<br>• स्टेट बैंक को प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर उच्च गुणवत्ता और समय पर सुपुर्दगी सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख बाह्य संबंधों का प्रबंध करना<br>• आईटी परियोजनाओं को समय पर पूरा करना<br>• आईटी परिचालनों और कारोबारी जरूरतों के लिए विभिन्न अनुप्रयोगों के विकास का प्रबंध और पर्यवेक्षण करना<br>• ग्रामीण बैंकिंग के लिए आईटी का विकास करना और सरकार के अन्य पहलकार्यों जैसे पीएमजेडीवाई, ओबीटीएल में प्रणालीगत परिवर्तनों के द्वारा सहायता करना<br>• विदेशी कार्यालय की आईटी प्रणालियों को स्टेट बैंक से समन्वित करना, सभी विदेशी कार्यालयों को पर्याप्त सहायता सुनिश्चित करना<br>• मांग प्रबंध परिषद में सक्रिय सहभागिता के द्वारा नई परियोजनाओं/परिवर्तन हेतु अनुरोधों की प्राथमिकता तय करना. | |
| प्रमुख कार्यनिष्पादन क्षेत्र | ***प्रौद्योगिकी:*** | • बैंक के कारोबारी लक्ष्यों का प्रभावित करने वाले प्रौद्योगिकीय, सामाजिक और वैज्ञानिक प्रवृतियों पर निगरानी रखना<br>• आईटी आयाम की दृष्टि से कारोबार के लिए अवसरों और जोखिमों की पहचान करना<br>• आईटी अभिशासन के बारे में प्रबंधकीय निर्णयों में सहभागिता करना<br>• प्रौद्योगिकीय मानकों और अनुपालन विनियमनों के बारे में वर्तमान जानकारी रखना<br>• प्रौद्योगिकी और आईटी आस्तियों के नवोन्मेष और विकास का प्रबंध करना<br>• बैंक की प्रौद्योगिकी रणनीति को भागीदारों, प्रबंधन और कर्मचारियों को संप्रेषित करना<br>• परिचालन संबंधी कार्यकुशलता बढ़ाने में सहायता करने और अग्रणी स्थिति वाले उत्पादों की जरूरतों की पहचान करना और उचित साफ्टवेयर समाधान सुनिश्चित करना<br>• कारोबार के उद्देश्यों के लिए बैंक का आईटी हार्डवेयर और साफ्टवेयर अनुप्रयोग निर्बाध 24द7 उपलब्ध होना सुनिश्चित करना<br>• समरूप प्रोसेस और प्रक्रियाएं डिजाइन कर पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन सुनिश्चित करना<br>• नवोन्मेष और स्वचालन पर ध्यान केन्द्रित कर सीआईओ के साथ अधिक गहनता से कार्य करना |
| | ***– तकनीकी नीति:*** | • आईटी नीतियों, मानकों और रणनीतियों को एक ऐसा समग्र फ्रेमवर्क विकसित करना और बनाये रखना जो रणनीति और बजटों के प्रति लोगों की वचनबद्धता को पूरा करने के लिए कारोबार और लोगों को सशक्त बनायेगा.<br>• आईटी रूपांतरण परियोजनाओं का नेतृत्व करना<br>• ऐसी प्राथमिकताएं, उद्देश्य और लक्ष्य तय करने में सीआईओ को सहायता करना जो बेहतरीन पद्धतियों एवं मानकों के साथ सामंजस्य बैठा कर कारोबार के लिए मूल्य प्रदान करने में योगदान दें.<br>• भावी प्रवृत्तियों का अनुमान लगा कर कारोबार को संभालने और सहायता करने वाली दीर्घकालिक योजनाएं विकसित करना<br>• रणनीतिक अंतर्दृष्टि का नेतृत्व करना और कारोबार केस औचित्य का विहंगावलोकन करना तथा आईटी खर्च एवं पहलकार्यों का आरओआई विश्लेषण करना |
| | ***– वेंडर प्रबंधन:*** | • बैंक के उन प्रौद्योगिकी भागीदारों के साथ संबंध बनाये रखना जो विभिन्न आईटी अनुप्रयोगों में सहायता करते हैं<br>• इन भागीदारों के कार्यनिष्पादन और सुपुर्दगी मानकों के लिए निगरानी कार्यप्रणाली के स्तर को बढ़ाना<br>• रणनीतिक वेंडर और भागीदारी संबंध विकसित करना और प्रबंध करना<br>• वेंडरों के साथ संविदाओं के लिए वार्तालाप करना और लागत एवं प्रदेय उत्पादों की अनुसूची का प्रबंध करना |
| | ***– अनुपालन:*** | • अभिशासन और विनियामक अनुपालन के लिए उचित मानकों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना<br>• जोखिम प्रबंधन और आईटी सुरक्षा नीतियां एवं विनियामक निर्देशों का अनुपालन करने के लिए जिम्मेदार होना |
| | ***– विशेषज्ञता प्रदान करना:*** | • बैंक की आईटी जरूरतों के सभी पहलुओं के लिए उद्योग की विशेषज्ञता प्रदान करना<br>• उभरती प्रौद्योगिकियों को उनकी परिपक्वता एवं उद्यम के लिए अनुप्रयोज्यता निर्धारित करने के लिए व्यापक श्रृंखला को ट्रैक करना<br>• वर्तमान एवं भावी प्रौद्योगिकी मानकों को मैप करना<br>समूह में प्रयुक्त किये जा रहे आईटी अनुप्रयोगों के लिए मानक और बेंचमार्क विकसित करना<br>• उभरती प्रौद्योगिकियों की लागत कुशलता का मूल्यांकन करना और वर्तमान जरूरतों के लिए उनकी अनुप्रयोज्यता का आकलन करना |

## आ. उप महा प्रबंधक (ई एवं टीए):

| | |
|---|---|
| **भूमिका** | • उद्यम प्रौद्योगिकी के आर्किटेक्चर विजन को स्थापित करना<br>• उद्यम के लिए तकनीकी मानक और अभिशासन संरचना तैयार करना<br>• कारोबार रणनीति में सहायता करना और तद्नुसार उस परिप्रेक्ष्य से प्रौद्योगिकी रणनीति का संचालन करना<br>• विभिन्न कारोबारी प्रभागों के प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में आर्किटेक्चर विशेषज्ञता और मार्गदर्शन प्रदान करना |
| जिम्मेदारियां | • बैंक के कारोबार और आईटी रणनीति से संरेखित लक्ष्य ईटीए विजन को सिद्ध करना<br>• बैंक की ईटीए रणनीति, नीतियों और खाके के लिए जिम्मेदार<br>• तकनीकी मानक स्थापित करना, उद्यम आर्किटेक्चर (ईए) अभिशासन फ्रेमवर्क का निर्माण<br>• संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने और जोखिम न्यूनीकरण के लिए बैंक के अनुप्रयोगों के संपूर्ण पोर्टफोलियो के लिए आर्किटेक्चर परिप्रेक्ष्य से प्रौद्योगिकी रणनीति का संचालन करना<br>• प्रौद्योगिकी क्षमताओं और उद्योग की प्रवृत्तियों की गहन समझ के साथ कारोबारी इकाइयों, सूचना सुरक्षा और जोखिम टीमों के साथ काम करना<br>• कारोबारी जरूरतों को विशिष्ट प्रणाली, अनुप्रयोग या प्रक्रिया डिजाइन में रूपांतरित करना, जिसमें कार्यात्मक जरूरतों की पहचान करने के लिए कारोबारी कार्मिकों एवं कार्यपालकों के साथ कार्य करना शामिल है<br>• खाके में लक्ष्य आर्किटेक्चर निर्धारित करना/बनाये रखना<br>• उस प्राद्योगिकी रणनीति और प्रौद्योगिकी निवेश को प्रभावशाली बनाना, जो कारोबार रणनीति को साकार करेंगे.<br>• प्रमुख परिवर्तन कार्यक्रमों का कार्यक्षेत्र और संरचना तय करने के प्रयासों का नेतृत्व और/या सहायता करना, जिससे रणनीतिक विकल्प विश्लेषण किया जाये और आद्योपांत समाधान बतायें तथा सामंजस्य को विशिष्ट रूप से दर्शाना<br>• रणनीतिक अवसरों की पहचाने करने और सुपुर्दगी के दौरान डिजाइन मुद्दों का समाधान करने के लिए प्रमुख कार्यक्रमों के जारी डिजाइनों की समीक्षा करना<br>• आईटी निवेश के इष्टतमीकरण के लिए प्रमुख प्रौद्योगिकी समर्थनकारकों की पहचान करना<br>• ऐसे अत्यधिक जटिल समाधान विकसित करना जो विश्वसनीयता, उपलब्धता, मापनीयता, प्रबंधनीयता, लचीलापन, उपयोगिता/पुनउर्पयोगिता और उच्च कार्यनिष्पादन के संबंध में गुणवत्ता इष्टतमीकरण का उदाहरण बनें<br>• सर्वोच्च स्तर की तकनीकी विशेषज्ञता वाले बैंकिंग परिवेश में आर्किटेक्चर समाधान प्रदान करना<br>• संगठन के सभी कारोबारी और साथ ही तकनीकी भूमिकाओं की समझ को प्रभावशाली बनाने और हासिल करने के लिए तकनीकी सूचना तैयार करना और प्रस्तुत करना<br>• विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों के लिए आरएफपी तकनीकी मूल्यांकनों सहित जटिल परियोजनाओं के बारे में प्रभावी परामर्श प्रदान करने के लिए अन्य आईटी संरचनाओं का नेतृत्व करना<br>• कार्यपद्धतियों और आर्किटेक्चर मॉडलिंग साधनों के सफल प्रयोग में अनेक टीमों का नेतृत्व करना<br>• लक्ष्य संदर्भ आर्किटेक्चर, तकनीकी खाका, रणनीति और रूपरेखा विकसित करने के लिए विश्लेषण के बाद कार्य के लिए पहल/नेतृत्व करने में कारोबारी क्षेत्रों के साथ काम करना |

## इ. पारिश्रमिक:

| पद | सीटीसी/वार्षिक परिलब्धियां (लगभग) |
|---|---|
| मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी | **इन्डीकेटिव सीटीसी:** ₹65 – 80 लाख:<br>उपयुक्त उम्मीदवार के संबंध में सीटीसी समझौताधीन रहेगी.<br>– संविदा का पहला वर्ष: निश्चित सकल + 10% तक कार्यनिष्पादन आधारित परिवर्ती वेतन + 10% तक कार्यनिष्पादन से संबद्ध वेतनवृद्धि (पहले वर्ष के अंत में)<br>– संविदा का दूसरा वर्ष: नया निश्चित सकल + 10% तक कार्यनिष्पादन आधारित परिवर्ती वेतन + 10% तक कार्यनिष्पादन से संबद्ध वेतनवृद्धि (दूसरे वर्ष के अंत में)<br>– संविदा का तीसरा वर्ष: नया निश्चित सकल + 10% तक कार्यनिष्पादन आधारित परिवर्ती वेतन |
| उप महा प्रबंधक (ई एवं टीए) | **सीटीसी:** लगभग ₹40.20 लाख [वेतनमान: ₹68680–1960/4–74520::] |

**छ. आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थियों का मान्य ईमेल आईडी हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

### ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशा–निर्देश:

i. अभ्यर्थी एसबीआई की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे और इन्टरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड आदि का प्रयोग कर आवेदन शुल्क का भुगतान करेंगे.

ii. अभ्यर्थी पहले तो अपने हाल के फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि अभ्यर्थी अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार ('दस्तावेज अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती.

iii. अभ्यर्थी आवेदन को ध्यानपूर्वक पढ़ें. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तो अभ्यर्थी इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में अभ्यर्थी आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर दिखेगा. **अभ्यर्थी इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रखे लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक करने के लिए ही होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब अभ्यर्थी को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.

iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों का प्रिन्ट आउट ले लें.

### शुल्क के भुगतान के लिए दिशा–निर्देश:

i. सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क (अप्रतिदेय) ₹600/– है (छह सौ रुपए मात्र) और यह अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए ₹100/– है (एक सौ रुपए मात्र).

ii. आवेदन प्रपत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के साथ समेकित रूप से भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

iii. फीस का भुगतान उपलब्ध भुगतान गेटवे के जरिये ही करना होगा. स्क्रीन पर पूछी जाने वाली जानकारी प्रदान कर डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग, आदि का उपयोग कर भुगतान किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान के लिए लेनदेन शुल्क, यदि कोई हो, उम्मीदवार द्वारा वहन किया जायेगा.

iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई–रसीद और आवेदन प्रपत्र बनेगा जिसे प्रिन्ट कर अभ्यर्थी अपने पास रख ले.

v. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.

vi. फीस के ब्योरे वाली ई–रसीद और आवेदन फॉर्म को बाद में पुनः प्रिंट करने का प्रावधान है.

vii. भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस **नहीं** लौटाया जाएगा **न ही** इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.

## उ. अपलोड साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:

साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.

## ऊ. चयन प्रक्रिया:

चयन शार्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा. न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं होगा. बैंक द्वारा गठित शार्टलिस्टिंग समिति शार्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शार्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाये जायेंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाये जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.

**मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जायेगी. एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर), ऐसे उम्मीदवारों की मेरिट में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रेंक प्रदान की जायेगी.

## ज. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. संक्षिप्त जीवन वृत्त (डीओसी या डीओसीएक्स)
ii. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)
iii. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
iv. शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
v. अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
ix. फॉर्म–16/आयकर रिटर्न 31.03.2018 के अनुसार, वर्तमान वेतन पर्ची, आदि.
x. हाल का फोटोग्राफ
xi. हस्ताक्षर

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की हाल में खिंची हुई रंगीन फोटो.
ii. फाइल का आकार 20 केबी – 50 केबी के बीच का और आयाम 200 X 230 पिक्सल (अधिमानत:) हो.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, इसे हो सके तो सफेद, नहीं तो हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई भारी छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड–आय नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पेन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई और व्यक्ति.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां आपके हस्ताक्षर का प्रयोग किया जाएगा.
iv. उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर परीक्षा के समय यदि कॉल लेटर के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा/जाएगी.
v. फाइल का आकार 10 केबी – 20 केबी के बीच का हो और आयाम 140 X 60 पिक्सल (अधिमानत:) हो.
vi. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vii. अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. जीवन वृत्त डीओसी या डीओसीएक्स प्रारूप में हो और बाकी के सभी प्रलेख आवश्यक रूप से पीडीएफ प्रारूप में ही हों.
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.
iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूंशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**य. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा–निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें.
ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप पर फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या फिर जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम इमेज 01.जेपीजी या इमेज 01. जेपीईजी दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो अभ्यर्थी एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी प्रारूप में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी प्रारूप में जेपीजी प्रारूप में सेव किए जा सकते हैं इसके लिए फाइल मेन्यू में सेव ऐज़ के विकल्प का प्रयोग करना होगा. फाइल के आाकार को 50 केबी (फोटो) को घटाया जा सकता है और 20 केबी (हस्ताक्षर) क्रॉप का प्रयोग कर किया जा सकता है और फिर रिसाइज़ ऑप्शन (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) इमेज मेन्यू में दिया हुआ है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरते समय अभ्यर्थी को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**र. प्रलेख अपलोड करने के लिए प्रक्रिया:**

i. हर प्रलेख को अपलोड करने के लिए अलग से लिंक हैं.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जीपीजी या जेईपीजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से पहुंच गया है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं होंग तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
vii. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में फोटो/हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद अभ्यर्थी जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं. चित्र या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट रूप से दिखेंगे नहीं तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर प्रपत्र प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. फोटो में यदि चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं हैं तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.

## ञ. सामान्य जानकारी

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और कि उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है सहित, अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

iii. भर्ती की किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्ति की जा सकती है.

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

v. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वह बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त हो. यह नियुक्ति बैंक में इस पद हेतु बैंक में कार्यभार संभालते समय जो भी सेवा और आचरण नियम लागू होंगे उनके अध्यधीन होगी.

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई–मेल को सक्रिय रखें.

vii. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

viii. जो अभ्यर्थी सरकार/अर्ध–सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से लेकर अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

ix. चयन की दशा में, अभ्यर्थी से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

x. अभ्यर्थियों को उन्हीं के हित के लिए यह सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर हैवी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि अभ्यर्थी अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य. परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र–व्यवहार किया जाएगा.

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xiii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का हकदार नहीं है. बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव, आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शार्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का अधिकार सुरक्षित है.

xiv. एक ही पद के लिए कई आवेदन होने की दशा में, अंतिम मान्य (भरा हुआ) आवेदन को ही रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण हेतु भुगतान किये गए आवेदन शुल्क/इन्टीमेशन शुल्क को जब्त कर लिया जाएगा. एक ही पद के लिए अभ्यर्थी के अलग–अलग तरह से प्रस्तुत होने पर उसे तुरंत ही अस्वीकार कर दिया जाएगा/उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा.

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहियां मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व अनन्य अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvi. ऐसी बाहरी उम्मीदवारों को भारत में सबसे छोटे मार्ग से हवाईजहाज के किराये (इकॉनोमी श्रेणी) की लागत या वास्तविक यात्रा के आधार पर वास्तविक यात्रा लागत (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जायेगी, जिन्हें शार्टलिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है. स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी. उम्मीदवार के पद के लिए अयोग्य पाये जाने पर उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी और किसी प्रकार के किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी.

xviii. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.

यदि कोई पूछताछ करनी हो, तो **"CONTACT US"** इस लिंक पर हमें लिखें जो कि बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.
(यूआरएल: **https://bank.sbi/careers/psq.htm?action=pquery** या **https://sbi.co.in/careers/psq.htm?action=pquery**)

**स्थळ: मुंबई**
**दिनांक: 22.01.2019**

**किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी किया मूल विज्ञापन ही मान्य होगा.**
**प्रिटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा.**

**महाप्रबंधक**
**(सीआरपीडी)**